अमर उजाला

18 August 2017

एनएबीआई में स्वतंत्रता दिवस मनाया

चंडीगढ़। मोहाली स्थित नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट (एनएबीआई) में स्वतंत्रता दिवस पर एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. टीआर शर्मा ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने छात्रों और स्टाफ को संबोधित करते हुए कहा कि यह हमसब के लिए गर्व की बात है कि हमलोगों ने आजादी के 70 वर्षों में कितना विकास कर लिया है। हमें अब देश में भूख और कुपोषण से खिलाफ लड़ाई लड़नी है। इसके अलावा समाज में व्याप्त कुरीतियों और व्यवस्था में भ्रष्टाचार, बाल श्रम, मनी लाउंड्रिंग कन्या भ्रूण हत्या आदि समस्याओं से लड़ना है। उन्होंने नेशनल एग्री-फूड बायोटेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट की उपलब्धियों का ब्योरा दिया और कहा कि कई मुद्दों पर हम कुछ समस्याओं के खिलाफ बेहतर कर सकते हैं।